## खबर संक्षेप

### पहला रेंडमाइजेशन किया गया

**पानीपत।** लोकसभा के आम चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय में प्रथम स्तर का रेंडमाइजेशन किया व अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव को लेकर गंभीर रहे। अपनी अपनी ड्यूटी का सही तरीके से निर्वहन करें।

### ट्राला छीनने के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने समालखा में गढ़ी छाजू गांव निवासी युवक से ट्राला छीनने वाले गिरोह के एक आरोपी को ट्राले सहित सेक्टर 25 ट्रक युनियन से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रिजवान निवासी मलाई पलवल के रूप में हुई। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा में गढ़ी छाजू गांव निवासी जसमेर पुत्र जिले सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### गोशाला के लिए चारा दान किया

**पानीपत।** भारतीय महिला कल्याण समिति के तत्वावधान में जाटल रोड गोपाल गौशाला में गायों के लिये चारा दिया गया। इस अवसर पर भारतीय महिला कल्याण समिति की तरफ से बृजरानी शर्मा सरंक्षिका, उषा गुप्ता सचिव, कमलेश अरोड़ा, सलोचना सिंगला, अंजू सैनी, बलविन्द्र कौर मौजूद रही। समिति की सभी सदस्यों ने इस पुण्य कार्य में सहयोग दिया। एकादशी के पावन दिवस पर वहां निर्धन बच्चों को भी फल वितरण किए गए। समिति की सरंक्षिका बृजरानी शर्मा ने बताया कि यह प्रोजेक्ट हम हर महीने किसी भी विशेष दिन पर किया करेंगे।

### जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में आज कॉलाज बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विषय था चुनाव और वोट। जिसमें राधा कृष्ण सदन से सिया, मुस्कान ने प्रथम, टैगोर से प्रियांशी ने द्वितीय, विवेकानंद से वरुण, अंशुल ने तृतीय, टेरेसा सदन से कथित ने चतुर्थ स्थान हासिल किया।

### मंडी में गोवंश की भरमार बनी परेशानी का सबब

**समालखा।** नई अनाज मंडी में बेसहारा गौवंश पशुओं की भरमार परेशानी का सबब बनी हुई है। इनके चलते जहां किसानों को तो नुकसान हो रहा है वहीं मंडी में गंदगी भी फैली रहती है। मार्केट कमेटी व स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी वह आंख मूंदकर कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। नई अनाज मंडी आवारा पशुओं की शरणस्थली बन कर रह गया है।

### सर्टिफिकेट कोर्स इन फ्रेंच लैंग्वेज का समापन समारोह

**पानीपत।** आई.बी. पीजी कॉलेज में टैगोर सोसाइटी, अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए सर्टिफिकेट कोर्स इन फ्रेंच लैंग्वेज का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम, डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. स्वाति पुनिया, डॉ. नेहा पुनिया, डॉ. मधु शर्मा, डॉ. विनय वाधवा के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। मंच का संचालन प्रो. रेखा शर्मा के द्वारा किया गया।

### कौशल प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल और मेधा फॉउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास कोर्स के तीन बैचेस के प्रतिभागियों एवं प्रस्तुतिकरण कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं सम्मानित करने के लिए समापन समारोह का आयोजन किया गया।

### रक्तदान शिविर आज

**पानीपत।** हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ इकाई भारतीय मेडिकल सेल्स रेप्रेसेंटेटिव महासंघ पानीपत इकाई आगामी 20 अप्रैल को रक्त दान का शिविर लगाएगी। संघ ने इस पुण्य के कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

---

### युवा मतदाताओं को अपना वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया

# विद्यार्थी अपना वोट देकर प्रजातंत्र को मजबूत करें: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना और वोटर जागरूकता विभाग जिला निर्वाचन कार्यालय पानीपत की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कॉलेज के युवा मतदाताओं को मताधिकार के अधिकार को विवेकपूर्ण तरीके से इस्तेमाल करने के बारे कॉलेज में जागरूकता एवं शपथ अभियान चलाया गया। कॉलेज एनएसएस कार्यकर्ताओं ने युवा मतदाताओं को अपना वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया और वोट बनवाने की प्रक्रिया को समझाया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.राकेश गर्ग ने स्वयंसेवकों को अन्य विद्यार्थियों को निर्भीकता, जागरूकता और निरंतरता के साथ वोट डालने की शपथ दिलाई। उनके साथ डॉ.एसके वर्मा, प्रो.दीपिका अरोड़ा मदान, डॉ.पवन कुमार, प्रो.विशाल गर्ग, प्रो.पूजा धींगड़ा, प्रो.शिल्पा ठाकुर, प्रो.हिमानी नारंग,प्रो.पूजा गर्ग, दीपक मित्तल आदि उपस्थित रहे। दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने कहा कि भारत में युवाओं की भागीदारी काफी अहम है और ऐसे में उन्हें सबसे पहले अपना वोट जरुर बनवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक हर एक मतदाता को अपने मत का सही अर्थ समझ में नहीं आएगा तब तक भारत का प्रजातंत्र मजबूत नहीं होगा। सभी को गणतंत्र के इस टीके को लगाना ही होगा। मतदाताओं को समझना होगा कि उनका एक वोट केवल सरकार ही नहीं बल्कि व्यवस्था बदलने का हथियार भी है और इसके जरिए मतदाता का भाग्य यकीनन बदल सकता है। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारत एक गणतांत्रिक देश है और गणतांत्रिक देश में सबसे अहम होता है चुनाव और मत का प्रयोग। गणतंत्र एक यज्ञ की तरह होता है जिसमें मतों यानि वोटों की आहुति बेहद जरुरी मानी जाती है।






**पानीपत।** एसडी कॉलेज में मतदान करने की शपथ लेते हुए टीचर्स व विद्यार्थी तथा पानीपत के जिला सचिवालय में अधिकारी व कर्मचारी मतदान की शपथ लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

## पानीपत में लाखों लोगों ने ली मतदाता शपथ

**पानीपत।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शुक्रवार को जिला में उत्साह का माहौल रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला सचिवालय के साथ-साथ जिला के सभी विभागों में मतदाता शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाई और आमजन से अपील की कि वे आगामी 25 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और जिले की मतदान प्रतिशतता को बढ़ाएं। मतदाता शपथ का यह कार्यक्रम सभी सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ अर्ध सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं, प्रतिष्ठानों इत्यादि में आयोजित किया गया और करीब 5 लाख लोगों ने शुक्रवार को मतदाता शपथ ली। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व देश का सबसे बड़ा पर्व है और हम सब ने इसमें भागीदार निभानी है। 25 मई को प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें।

---



**पानीपत।** दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्य डॉ विनीता तोमर के साथ विजेता विद्यार्थी।

## मनोबल बढ़ाने को प्रतियोगिताओं में भाग लें छात्र: डॉ तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और समूह गतिविधि का आयोजन

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में गणित विभाग की ओर से गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और समूह गतिविधि का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से पांचवीं के बच्चों ने गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और कक्षा छठी व सातवीं के बच्चों ने समूह गतिविधि में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर द्वारा की गई। प्रतियोगिता को पांच चरणों इनट्रोडक्टरी, रैपिड फायर, बजर, व्हील और सरप्राइज में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन में गणित का उपयोग, तर्क-वितर्क शक्ति को बढ़ावा देना, सामजस्य की भावना को विकसित करना और गणित विषय के प्रति रुचि पैदा करना रहा। प्रतियोगिता में प्रथम रूबी चैरिस, हृदय, लावण्या, द्वितीय पर्ल प्रभजोत कौर, दृश्य, निकुंज, तृतीया डायमंड सान्वी, प्रिंस, लिशिका रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता कुमार तोमर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## नारी का सम्मान करें : डॉ.गुप्ता

**पानीपत।** आर्य कॉलेज की महिला सैल इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। आयोजन में कॉलेज के सभी संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि महिला सशक्तिकरण शब्द का प्रयोग समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने और भेदभाव लिंग भेदों को कम करने के लिए उठाए गए कदमों को इंगित करने के लिए किया जाता है। व्यापक अर्थ मेंए इसमें कई नीतिगत उपाय करके महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण शामिल है। कॉलेज की महिला सेल की प्रभारी डॉ.मीनल तालस ने भी नागरिकों से नारी शक्ति का सम्मान करने की अपील की।

---

## विभाग ने दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया द्वारा हुडा सेक्टर 13-17 स्थित ऑफिस में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम डीईआईसी सेंटर सिविल अस्पताल पानीपत के डॉक्टरों की टीम के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कैंप में 31 दिव्यांग बच्चों का मेडिकल एसेसमेंट किया गया एवं उनका राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम कार्ड बनाया गया, इसके बाद आगे की इलाज एवं सुविधाओं के लिए उन्हें सिविल अस्पताल डीईआसी सेंटर पर आने का सुझाव दिया गया। बच्चों के विशेष देखरेख के लिए अभिभावकों की काउंसलिंग की गई एवं बच्चों की भी काउंसलिंग की गई।

वही, शिविर में बच्चों को ओ आर एस पैकेट एवं आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट डीईआईसी डॉक्टर द्वारा दी गई। डीईआईसी टीम से डॉ सोनल राणा, डॉ मधुमिता, डॉ प्रदीप मालिक, फार्मासिस्ट श्वेता, मनदीप सिंह उपस्थित रहे। जबकि संस्था की टीम से ज्योतिष, बस्ता मार्डी, सुधा झा, राकेश, गीता, साहिना और अनिल मौजूद रहे।



पानीपत। दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचते हुए डॉक्टर्स। फोटो: हरिभूमि

## अनाज मंडियों में गेहूं की लिफ्टिंग में तेजी लाएं : डॉ दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत जिला की सभी अनाज मंडियों में पहुंच रही गेहूं की फसल की लिफ्टिंग में तेजी लाने को लेकर जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में सभी प्रशासनिक अधिकारी, मार्केट कमेटी सचिव, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों व गेहूं की खरीद कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रविवार तक जिले की सभी 12 मंडियों में लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण चाहते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। मार्केट कमेटी सचिव इस कार्य को गंभीरता पूर्वक करें।

- उपायुक्त ने बैठक कर दिए निर्देश

जो कमेटी सचिव इसमें रुचि नहीं लेंगे उन्हे कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को इस कार्य को लेकर और गंभीर होने की आवश्यकता है। जिले में लिफ्टिंग का कार्य मंदा होने के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों व मार्केट कमेटी की जिम्मेदारी बनती है कि वो पॉइंट बना कर पुलिस की व्यवस्था बनाए व जाम की समस्या न होने दें। जिन मंडियों में लिफ्टिंग की गति धीमी है उसे मार्किट कमेटी सचिव गति प्रदान कर रविवार तक लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण करें।



**पानीपत।** मंडियों से गेहूं की लिफ्टिंग तेज करने को लेकर बैठक करते डीसी व अन्य अधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

---

## सहरावत चबूतरा की हवन कर रखी आधारशिला

- सभी 100 वर्षीय सहरावत बुजुर्गों को खाप की तरफ से मानद प्रधान व दादा की उपाधि से अलंकृत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

बाबा छोटे वाले की पावन धरा गांव भैसरू खुर्द में अखिल भारतीय सर्व धर्म सर्व जातीय सहरावत खाप द्वारा ऐतिहासिक सहरावत चबूतरा एवं भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। खाप चबूतरा के लिए 1100 वर्ग गज भूमि गांव के दानवीर चौधरी जसवंत सिंह सहरावत ने दान की व जबकि उनके पुत्र देव सहरावत ने एक लाख रुपए खाप को दान दिए। हवन यज्ञ व कन्या पूजन भूमि पूजन के साथ आधारशिला रखी गई। संपूर्ण भारतवर्ष के 10 राज्यों की सहरावत सरदारी के सभी 100 वर्षीय सहरावत बुजुर्गों को खाप की तरफ से मानद प्रधान व दादा की उपाधि से अलंकृत किया गया। खाप के राष्ट्रीय संयोजक चौधरी संदीप सहरावत और दिल्ली प्रदेश प्रधान मूलचंद सहरावत, हरियाणा प्रदेश प्रधान यशपाल सहरावत पूर्व सरपंच करहंस, उत्तर प्रदेश प्रधान अर्जुन सड़राव खाप के तीनों कार्यकारी राष्ट्रीय संयोजक जगदीश सहरावत, मा. सुदेश तेजवीर दिल्ली से युवा प्रधान विकास, जसवंत सहरावत, तेजवीर सहरावत सभी जिला प्रधान आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** समालखा में सहरावत चबूतरा की आधारशिला रखते हुए सहरावत खाप गणमान्य प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि



**पानीपत।** आर्य कॉलेज की मेधावी छात्राएं प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ।

## विद्यार्थियों ने शपथ ली

**पानीपत।** भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जी टी रोड पानीपत में निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सीनियर बच्चों ने भाग लिया इस समारोह में बच्चों को मतदान के बारे में प्रेरित किया गया ताकि अधिक से अधिक प्रतिशत मतदान हो सके इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक भी मतदान शपथ लेते हुए दिखाई दिए।

## आर्य कॉलेज की निमी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में प्रथम

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बीएससी कंप्यूटर साइंस के पांचवे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए। जिसमें आर्य कॉलेज की तीन छात्राओं ने केयूके की मेरिट सूची में स्थान बना कर कॉलेज का रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष अदिती मित्तल सहित विभाग के सभी प्राध्यापकों को इस शानदार परिणाम के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने बीएससी कम्प्यूटर की निमी ने 315 अंक लेकर टॉप टेन की सूची में पहला स्थान हासिल किया नेहा ने 294 अंक लेकर तीसरा स्थानए 284 अंकों के साथ पूजा ने पांचवा स्थान हासिल किया।

### भूमि विवाद का जल्द हल करें अधिकारी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने स्वामित्व की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जमीन के विवादित मामलों को लेकर अधिकारी तन्मयता से कार्य करें। ज्यादातर मामलों को अपने स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। उपायुक्त ने जिले में स्वामित्व को लेकर वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली व इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य में अधिकारियों को और मेहनत करने की आवश्यकता है तभी जिला बेस्ट ऑफ फाइव में अपना नाम शामिल कर पाएगा।

## मंडियों में गेहूं की आवक तेज

**पानीपत।** रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 143202 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 130054 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 20405 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 59433 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 47917 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 2299 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेहूं की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल पर की जा रही है।

---

### एसडी पीजी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन पर मेगा क्विज

# छात्रों का प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बढ़ता है ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन विषय पर मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष की टीम के सदस्य ललित, दीपक और मोहित ने सर्वाधिक प्रश्नों के सही उत्तर देकर बाजी मारी और पहला स्थान हासिल कर नकद इनाम हासिल किया। अजय, अभिषेक और आदित्य की टीम ने दूसरा और बीकॉम तृतीय की अन्नू, गीतांश और श्याम की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कैश प्राइज जीता। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने किया। क्विज प्रतियोगिता क्विज को ऑर्डिनेटर डॉ.दीपिका अरोड़ा मदान की देख रेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में कॉलेज के अलग-अलग संकायों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा इसमें मुख्यतः वाणिज्य विषय से सम्बंधित प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता में डॉ.नवीन गोयल, प्रो.पवन सिंगला, डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.दीपा वर्मा, डॉ.पवन कुमार, प्रो.विशाल गर्ग, प्रो.पूजा धींगड़ा, प्रो.शिल्पा ठाकुर, प्रो.हिमानी नारंग, प्रो.पूजा गर्ग ने सक्रीय रूप से भाग लिया। डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं के ज्ञान में वृद्धि होती है और उनमे आत्मविश्वास के भाव का संचार होता।

- ललित, दीपक और मोहित ने बाजी मारी

वाणिज्य विषय पर तैयार की गई इस बहुआयामी क्विज का उद्देश्य सार्थक एवं प्रासंगिक ज्ञान एवं जानकारी को प्रश्नों के रूप में छात्र-छात्राओं तक पहुंचाना था ताकि प्रतियोगी छात्र इनके अभ्यास द्वारा परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों के स्वरुप से परिचित हो सकें और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में इनका लाभ मिले।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में मेगा क्विज विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा।

---

**बेदखली सूचना**

मैं, सतपाल पुत्र श्री जीवन दास निवासी बाबरपुर मण्डी वार्ड नं.26, पानीपत ब्यान करता हूॅ कि मेरा पुत्र राहुल मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है व गलत सगंत का शिकार है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूॅ। भविष्य मे उससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नही होगी।
शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

**मुकेश मैहता पुत्र श्री मोहन लाल मेहता निवासी 120 ज्वाहर नगर तहसील कैम्प पानीपत।**

**बनाम/जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि मुकेश मैहता पुत्र श्री मोहन लाल मैहता निवासी 120 ज्वाहर नगर तहसील कैम्प पानीपत ने एक दस्तावेज व्राका ज्वाहर नगर पानीपत पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि कृष्ण लाल पुत्र श्री अनन्त राम वासी पानीपत की दिंनाक 25-12-2009 को मृत्यु हो चुकी है। श्री कृष्ण लाल की मृत्यु बाद उनके निम्न वारस है :-1-मोहन लाल 2- राजकुमार मैहता 3- पन्ना लाल 4 हीरा लाल 5- धर्मवीर है। कुल 5 वारस है।

उपरोकत वारसान मे से मोहन लाल की दिंनाक 31-03-2010 को मृत्यु हो चुकी है, जिसकी मृत्यु बाद उनके निम्न वारस है 1-उर्मिला रानी विधवा, 2-आरती 3 सोनिया 4 लक्ष्मी मैहता 5 सिमरन, 6- मुकेश मैहता 7- अनमोल है। कुल 7 वारस है।

इनके इलावा मृतक कृष्ण लाल के उपरलिखित के इलावा, अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोकत मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एंवम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोकत तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिंनाक 19/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

ओमप्रकाश पुत्र स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द पुत्र श्री मोहन लाल निवासी मकान नं. 145 जवाहर नगर तहसील कैम्प पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि ओमप्रकाश पुत्र स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द पुत्र श्री मोहन लाल निवासी मकान नं. 145 जवाहर नगर तहसील कैम्प पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। मृतक स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द पुत्र श्री मोहन लाल का देहांत दिनांक 25.01.2022 को हो चुका है व मृतक स्व. श्रीमति सीता देवी पत्नी स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द का दिनांक 28.01.2024 को देहान्त हो गया है। प्रार्थी के माता-पिता के देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस हैं. 1. ओम प्रकाश (पुत्र) 2. जगदीश (पुत्र) 3. सरेश (पुत्र) 4. आशा रानी (पुत्री) 5. वीना (पुत्री) ही जायज वारिस हैं। इनके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। मृतक स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द की माता स्व. श्रीमति अस्सी बाई का अरसा पहले देहान्त हो गया है अन्जली शर्मा पार्षद वार्ड नं. 3 नगर निगम पानीपत व रवि पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द पुत्र श्री मोहन लाल व मृतक स्व. श्रीमति सीता देवी पत्नी स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द पुत्र श्री मोहन लाल व मृतक स्व. श्रीमति सीता देवी पत्नी स्व. श्री बुध राम उर्फ आशा नन्द के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बात इश्तहार आज दिनांक 19/03/24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

